उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर

:: ज्ञापन ::

क्रमांक / प्रशासन / 210–ए(भाग) / 2749 इन्दौर, दिनांक 12 / 12 / 2017

प्रति,

अध्यक्ष / सचिव,
उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ,
इन्दौर (म.प्र.)

विषय : ऑनलाईन ई–कोर्ट फीस एवं ई–पेपर बुक की सुविधा के सम्बंध में।

संदर्भ : मुख्यपीठ जबलपुर का ज्ञापन क्रमांक–रजि.(आई.टी.)(एस.ए.) / 2014 / 1538 दिनांक 07 / 12 / 2017 एवं इस रजिस्ट्री का पृष्ठांकन क्रमांक–प्रशासन / 117–ए / 2101 इन्दौर, दिनांक 23 / 11 / 2017

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित ज्ञापन व पृष्ठांकन के सम्बंध में अनुरोध है के मुख्यपीठ जबलपुर द्वारा ऑफलाईन कोर्ट फीस एवं पेपरबुक की सुविधा बन्द करते हुए ऑनलाईन ई–कोर्ट फीस एवं ई–पेपर बुक की सुविधा उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की विभागीय वेबसाईट www.mphc.gov.in पर प्रारंभ की गई है। उक्त सुविधा के सुचारू रूप से संचालन हेतु उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इन्दौर के समस्त पदाधिकारीगणों, वरिष्ठ अभिभाषक गणों एवं अभिभाषक गणों के लिए दिनांक 13 / 12 / 2017 को उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इन्दौर के सभाकक्ष में दोप. 04.40 बजे प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

उक्त प्रशिक्षण में उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इन्दौर के समस्त पदाधिकारीगण, वरिष्ठ अभिभाषक गण एवं अभिभाषक गण सादर आमंत्रित है। कृपया उक्त ज्ञापन आपके कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा करवाये जाने का कष्ट करें ताकि समस्त अभिभाषक गण ई–कोर्ट फीस एवं ई–पेपर बुक संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकें।

(व्ही. बी. सिंह)
रजिस्ट्रार